





नवभारत 10
सतना, गुरुवार 07 मई, 2026

# शहर में लग रहे जाम से आखिर कब मिलेगी निजात

## धोबिया टंकी में लग रहे जाम में आए दिन फंसती है एम्बुलेंस, सड़कों पर नहीं दिखती यातायात पुलिस




**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 6 मई, शहर की हर सड़को पर जाम आम बात हो चुकी है, ऐसा कोई चौराहा नही जहा जाम न लगता हो. सबसे ज्यादा जाम सुबह और शाम के समय लग रहा है. लेकिन धोबिया टंकी चौराहे में दिन भर जाम लगा रहता है. यहा सड़क तक अतिक्रमण और आटो चालको के वजह से जाम लगता है.**

दरअसल दुकानदारो ने सड़क तक दुकाने फैला ली है साथ ही आटो चालक भी चारो तरफ सड़क पर आटो खड़ा करके सवारी लेते है, जिसकी वजह से जाम लग जाता है. सुबह हो या शाम हमेशा धोबिया टंकी में जाम लगता है. चंद कदम के दूरी पर संजय गांधी अस्पताल का मुख्य द्वार है, मरीजो को लेकर अस्पताल के लिये जाने आने वाले लोगो की भीड़ लगी रहती है, कई बार जाम में एम्बुलेंस भी फस जाती है और मरीज तड़पते रहते है. ऐसा कोई दिन नही जब धोबिया टंकी और अस्पताल चौराहे में जाम न लगे और इस जाम में एम्बुलेंस न फसे. यहा पर यातायात पुलिसकर्मी एक रहता है जो अकेले रास्ता नही सम्भाल पाता है. सबसे ज्यादा स्थित दोपहर और शाम को खराब होती है, लोग जाम से जूझते रहते है. चौराहे का चौड़ीकरण किया गया उसके बाद भी जाम से निजात नही मिल पाई. दुकानदार जहा सड़क तक दुकान बढ़ा लिये है वही ग्राहको की गाड़ियां भी सड़क पर पार्क होती है जो जाम के लिये जिम्मेदार है. ई-रिक्सा ने सबसे ज्यादा यातायात व्यवस्था को प्रभावित किया है. शहर में जो भी जाम लग रहा है उसका मुख्य कारण ई-रिक्सा है. कोई स्थान निर्धारित नही किया गया है जहा से यह सवारी बैठाए और ले जाए. जहा मन चाहे वाहन खड़ा कर देते है और जैसे ही बड़े वाहन इनके पीछे रूकते है तो जाम लग जाता है. ई-रिक्सा चालको की सबसे ज्यादा धमाचौकड़ी स्टेचू चौराहे से फोर्ट रोड़ और बस व्यंकट मार्ग में रहती है. ई-रिक्सा चालको की मनमानी इस तरह रहती है कि कही भी वाहन खड़ा कर सवारी बैठाने और उतारने लगते है.

### वाहनों की जांच में ज्यादा ध्यान देती है यातायात पुलिस

इस समय शहर के चौराहो और प्रमुख मार्गो जाम की समस्या काफी विकराल हो चुकी है. लेकिन यातायात पुलिस को जाम से कोई लेना देना नही रहता है. यातायात के पुलिसकर्मी जाम खुलवाते दिखते ही नही है. अगर यातायात पुलिस दिखती है तो सिर्फ वाहनों की जांच और चालान करते दिखती है. अस्पताल चौराहे से अमहिया जाने वाले मार्ग में अक्सर जाम लगता है और यही पर सड़क किनारे खड़ी यातायात पुलिस दो वाहन चालको को पकड़ती है और जुर्माना करती है. इसी तरह बस स्टैण्ड, जयस्तंभ सहित अन्य चौराहो पर वाहनों की जांच करती पुलिस देखी जा सकती है.



# रीवा रेलवे स्टेशन की लिफ्ट में दो घंटे तक फंसे रहे यात्री, लगाया आरोप

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 6 मई, रीवा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर बुधवार को एक बड़ा हादसा टल गया. इतवारी ट्रेन से उतरे 9 यात्री प्लेटफॉर्म नंबर 2 की लिफ्ट में फस गये. इसकी सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन में हडकम्प मच गया.**

रेलवे प्रशासन ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर दो घंटे में सभी को सुरक्षित बाहर निकाला. जांच के बाद यात्रियों को उनके घर भेजा गया. ड़रे सहमे यात्रियों का कहना था लिफ्ट का मरम्मत कार्य चल रहा था लेकिन इसकी कोई सूचना चस्पा नही थी और न ही किसी तरह की जानकारी दी जा रही थी. रीवा रेलड्ढवे स्टेशन पर बुधवार को यात्रियों की जान जोखिम में पड़ गई. प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर लगी लिफ्ट अचानक बंद हो गई. इस लिफ्ट के अंदर 9 यात्री सवार थे. ये सभी यात्री करीब 2 घंटे तक अंदर ही कैद रहे. यात्री इतवारी ट्रेन से उतरकर आए थे. बाहर निकलने के बाद यात्रियों ने आरोप लगाया कि लिफ्ट में मरम्मत का काम चल रहा था, लेकिन वहां कोई सूचना या संकेतक नहीं लगाया गया था. रेलवे प्रबंधन की इस लापरवाही की वजह से यात्री धोखे में लिफ्ट के अंदर सवार हो गए. जैसे ही लिफ्ट चली, वह बीच में ही फंस गई. लिफ्ट में फसी महिला ने चर्चा के दौरान बताया कि हम ट्रेन से उतर कर लिफ्ट में चढ़ गए. लेकिन लिफ्ट बीच में ही फस गई. हमे लगा कि सही जा जाएगी.

लेकिन समय बीतता गया और हम बाहर नही निकल पाए. इस दौरान फसे लोगो में चीख पुकार मच गई. घंटो हम लिफ्ट में फसे थे ऐसा लग रहा था कि बाहर नही निकल पाएगे. लिफ्ट की मरम्मत चल रही है ऐसी कोई सूचना या नोटिस चस्पा नही थी. इसका जिम्मेदार रेलवे प्रशासन है.

## संक्षिप्त

### कलेक्टर ने रेंजर को दिया नोटिस

**रीवा**, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सिरमौर रेंज के रेंजर अरूण शुक्ला को कारण बताओ नोटिस दिया है. लोक सेवा गारंटी योजना 2010 के तहत वन्य प्राणियों से जनहानि में राहत राशि भुगतान का प्रकरण लंबित रहने के कारण नोटिस दिया गया है. तय समय सीमा 31 मार्च के बाद भी प्रकरण निराकृत नहीं हुआ है. प्रकरण का तीन दिन में निराकरण न होने पर अधिनियम के प्रावधानों के तहत जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी.

### कमिश्नर आज करेंगे लोक निर्माण विभाग की समीक्षा

**रीवा,** कमिश्नर बीएस जामोद 7 मई को लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करेंगे. समीक्षा बैठक सुबह 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय सभागार में आरंभ होगी. बैठक में लोक निर्माण विभाग पीआईयू, सेतु निर्माण विभाग की समीक्षा की जाएगी. सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं.

### कमिश्नर कल करेंगे सड़क निर्माण की समीक्षा

**रीवा,** कमिश्नर बीएस जामोद 8 मई को कमिश्नर कार्यायल सभागार में सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में जिले में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे सड़क निर्माण की समीक्षा करेंगे. बैठक में मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग तथा एनएचएआई द्वारा बनाई जा रही सड़कों की समीक्षा की जाएगी.

### बारिश-ओला से हुए नुकसान का सर्वे कराया जाए

**रीवा,** भारतीय किसान यूनियन मध्यप्रदेश प्रदेश के अध्यक्ष किसान सुब्रत ने प्रदेश सरकार, जिला प्रशासन से मांग कि है कि आसमयिक वारिस, ओलो से सब्जी उत्पादक किसान, गर्मी कि मूंग की खेती करने वाले किसान प्याज उत्पादक किसान, ईट के भठ्ठे लगाने वाले श्रमिक प्रभावित हुए है. तत्काल सर्वे करा राहत दी जाय साथ ही समर्थन मूल्य के गेंहू खरीदी केन्द्रो का तत्काल निरीक्षण कराया जाय कितनी खरीदी हुई, कितना परिवहन हुआ आसमयिक वारिस से कितना समय से उठाव ना होने के कारण भीगा, आवश्यक कार्रवाई की जाय. आधी तेज हवा से बिजली की लाईने प्रभावित हुई है तत्काल सुधार कराया जाय.



### पुलिस अधीक्षक को दी गई विदाई

मऊगंज, मऊगंज जिले के पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी का स्थानांतरण होने पर उन्हें कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समारोह में विदाई दी गई. विदाई समारोह के अवसर पर कलेक्टर संजय कुमार जैन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.



### घर-घर पहुंचने लगे प्रगणक, जनगणना का कार्य जारी

**मऊगंज,** राष्ट्र के भविष्य की रूपरेखा तैयार करने वाली जनगणना के प्रथम चरण का कार्य जारी है. इसी क्रम में मऊगंज जिले में जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत कार्यों को गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ संपादित किया जा रहा है. स्थानीय प्रशासन और गणना कर्मियों की टीम ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर मकानों के सूचीकरण और गणना के कार्य में जुट गई है. तहसीलदार हनुमना शिवम गौतम ने ग्राम पंचायत बहुती में बृजेश कुमार मिश्रा के निवास पर जाकर स्वयं मकान का सूचीकरण एवं गणना कार्य किया. इस दौरान जनगणना से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी एकत्रित की गई तथा प्रपत्रों को विधिवत भरा गया. इस दौरान न केवल मकान का नंबर अंकित किया गया, बल्कि परिवार के सदस्यों और आवास की स्थिति से जुड़े प्रारंभिक आंकड़ों को भी दर्ज किया गया. डेटा की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रगणक किसी भी मध्यस्थ के बजाय सीधे गृहस्वामी से संपर्क कर रहे हैं. ग्राम पंचायत बहुती में ग्रामीणों द्वारा इस राष्ट्रीय कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान किया जा रहा है. बृजेश कुमार मिश्रा के घर से शुरू हुई यह प्रक्रिया अब पंचायत के अन्य हिस्सों में भी निरंतर जारी रहेगी.

# रीवा डाक संभाग में 8 एवं 9 को चलेगा आधार महाअभियान

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 6 मई, रीवा संभाग में नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डाक विभाग द्वारा 8 मई और 9 मई को विशेष आधार महाअभियान का आयोजन किया जा रहा है.**

इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक आधार से जुड़ी सेवाएं पहुंचाना और लंबित कार्यों को तेजी से पूरा करना है. इस अभियान के तहत रीवा संभाग के उप डाकघर और प्रधान डाकघर में विशेष व्यवस्था की गई है. उप डाकघर में कम से कम 50 आधार से जुड़े कार्य किए जाएंगे. प्रत्येक प्रधान डाकघर में कम से कम 100 आधार लेनदेन सुनिश्चित किए जाएंगे. महाअभियान के दौरान नागरिकों को कई महत्वपूर्ण सेवाएं एक ही जगह पर मिलेंगी जिनमें नया आधार कार्ड बनवाना, नामांकन, आधार में नाम, पता, मोबाइल नंबर, फोटो आदि का अपडेशन शामिल है. बच्चों का आधार पंजीकरण, मोबाइल नंबर लिंक या अपडेट करने का कार्य भी डाकघर स्थित आधार केंद्रों में आयोजित होगा. उप डाकघरों में सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक प्रधान डाकघर सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक अभियान का आयोजन किया जाएगा. डाक विभाग ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाएं. जिन लोगों का आधार अपडेशन के लिए लंबित है या जिन बच्चों का आधार अभी तक नहीं बना है वे इस अवसर का फायदा जरूर लें. साथ ही अपने परिवार और परिचितों को भी इसके लिए जागरूक करें.




# कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि के खिलाफ आप ने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 6 मई, केंद्र सरकार द्वारा कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में लगभग 999 की बेतहाशा वृद्धि किए जाने के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया.**

पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने इस मूल्य वृद्धि को 'आर्थिक आतंकवाद' करार देते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया तथा जिला प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा. प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र चौरसिया ने कहा कि एक ही बार में 999 की बढ़ोतरी करना आम आदमी और छोटे व्यापारियों की कमर तोड़ने जैसा है. उन्होंने कहा कि जब कमर्शियल सिलेंडर महंगा होता है, तो उसका सीधा असर होटल, ढाबों और खान-पान की वस्तुओं पर पड़ता है, जिसकी मार अंततः उस आम नागरिक को झेलनी पड़ती है, जो पहले से ही महंगाई से परेशान है. प्रदेश सचिव एवं पूर्व महापौर प्रत्याशी इंजी. दीपक सिंह ने कहा कि जिस प्रकार से कमर्शियल सिलेंडर के दामों में लगभग वृद्धि की गई है,

उससे आम जनता एवं छोटे व्यापारियों की आर्थिक स्थिति पर गंभीर प्रभाव पड़ा है. इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री भक्तराज सिंह, प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा,प्रदेश संयुक्त सचिव मंजुला सिंह, ग्रामीण जिला अध्यक्ष सतीश तिवारी, जिला संगठन मंत्री रवि मिश्रा, अल्पसंख्यक अध्यक्ष नूर भाई, सुनीता विश्वकर्मा मौजूद रही.



अजब कुंवरि बाबड़ी में चल रहे सफाई अभियान में श्रमदान करते कमिश्नर व अन्य

# संभाग में अब तक 240558 टन हुई गेहूं की खरीद

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 6 मई, रीवा संभाग में अब तक 58538 किसानों से 240558 टन गेंहू की खरीद की गई है.**

इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि संभाग में 334 खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है. उपार्जन के लिए अब तक 118509 किसानों ने स्लॉट बुक किए हैं. रीवा जिले में 17985 किसानों से 68067 टन तथा सतना जिले में 22769 किसानों से 109904 टन गेंहू का उपार्जन किया गया है. सीधी जिले में 3821 किसानों से 10435 टन तथा सिंगरौली जिले में 3979 किसानों से 9924 टन गेंहू की खरीद की गई है. इसी तरह मऊगंज जिले में 1993 किसानों से 6843 टन तथा मैहर जिले में 8091 किसानों से 35385 टन गेंहू का उपार्जन किया गया है. उपार्जित गेंहू में से 53 प्रतिशत का परिवहन करके सुरक्षित भण्डारण करा दिया गया है.

# जल गंगा संवर्धन अभियान में हुआ ऐतिहासिक धरोहर अजब कुंवरि बाबड़ी का कायाकल्प

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 6 मई, रीवा संभाग के सभी जिलों में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है. अभियान के तहत रीवा नगर निगम क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक अजब कुंवरि बाबड़ी का जीर्णोद्धार और साफ-सफाई का अभियान चलाया जा रहा है.**

नगरीय प्रशासन विभाग, नगर निगम तथा जन अभियान परिषद द्वारा स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से चलाए जा रहे इस अभियान में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने श्रमदान किया. बाबड़ी को साफ-सुथरा बनाने के लिए सामाजिक संगठनों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों और विद्यार्थियों ने भी बढ़चढ़ कर श्रमदान किया. इसमें पिछले सात दिनों से श्रमदान करके इसका कायाकल्प किया गया है. अब बाबड़ी में लगभग 10 फीट गहराई में स्वच्छ जल संचित है. पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए कमिश्नर श्री जामोद ने बाबड़ी परिसर में पौधे भी रोपित किए.

इस अवसर पर कमिश्नर ने कहा कि हमारे पूर्वजों को जल का महत्व भलीभांति पता था. उन्होंने पूरे देश में सुंदर जल संरचनाओं का निर्माण कराया. इनके माध्यम से जल संरक्षण और संवर्धन का संदेश देने के साथ-साथ धरती माँ की कोख में असीमित जल भण्डार का संचय किया गया. अजब कुंवरि बाबड़ी रीवा की ऐतिहासिक जल धरोहर है. इसके संरक्षण और संवर्धन के लिए हम सब मिलकर प्रयास करें. जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है. जल नहीं रहा तो हमारा कल भी सुरक्षित नहीं रहेगा. कार्यक्रम में उपायुक्त नगर निगम प्रकाश द्विवेदी, संयुक्त संचालक नगरीय विकास हरिशंकर मिश्रा, प्राचार्य कन्या महाविद्यालय विभा श्रीवास्तव, संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, सुजीत द्विवेदी उपस्थित रहे.

# जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी: नरेन्द्र

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 6 मई, कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें.**



सभी प्रगणक प्रशिक्षण में दी गई जानकारी को आत्मसात करके शासन के निर्देशों के अनुरूप मकानों की सूची बनाएं. सभी प्रगणक आज ही ऐप को लॉगिन करके कम से कम एक मकान की जानकारी दर्ज करें. आयुक्त नगर निगम मकानों में नम्बर डालने, नजरी नक्शा और जनगणना ब्लाक की सीमाओं की विसंगति को दो दिवस में ठीक कराएं. नगर निगम के जोनल अधिकारी और सुपरवाइजर जनगणना कार्य की ठीक से मानीटरिंग करें. प्रगणक को किसी भी तरह की कठिनाई होने पर उसका तत्काल निदान कराएं. मकान सूचीकरण ड्डका कार्य तय समय सीमा में पूरा कराएं. आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा मकानों में नम्बर दर्ज करने में की गई त्रुटियों में सुधार करते हुए मकानों का सर्वे शुरू करें. प्रगणक अपने जनगणना ब्लाक के सेटेलाइट से बनाए गए नक्शे को सीमा मानते हुए उसमें शामिल सभी मकानों की सूची तैयार करें. जनगणना कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बरतने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी. बैठक में आयुक्त नगर निगम अक्षत जैन, डिप्टी कलेक्टर आरके सिन्हा, उपायुक्त ननि प्रकाश द्विवेदी मौजूद रहे.

# कलेक्टर ने दो लापरवाह अधीक्षकों की रोकी वेतनवृद्धि

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 6 मई, कलेक्टर ने दो लापरवाह अधीक्षकों की दो वार्षिक वेतन वृद्धियां असंचयी प्रभाव से रोकने के आदेश दिए हैं.**

जारी अलग-अलग आदेशों में अनुसूचित जनजाति कन्या आश्रम फूल की अधीक्षिका मैनाबाई साकेत एवं अनुसूचित जनजाति बालक आश्रम लालगांव के अधीक्षक गणेश प्रसाद शुक्ला की वेतन वृद्धियाँ रोकने की कार्रवाई की गई है. इस संबंध में कलेक्टर ने बताया है कि कन्या आश्रम फूल का निरीक्षण करने पर श्रीमती साकेत बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाई गईं तथा संस्था में ताला बंद पाया गया. इसी तरह बालक आश्रम लालगांव के आकस्मिक निरीक्षण में अधीक्षक श्री शुक्ला बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए. इसे गंभीर कदाचारण तथा कर्तव्यों के प्रति लापरवाही मानते हुए कारण बताओ नोटिस दिया गया. संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर वेतनवृद्धि रोकने की कार्रवाई की गई.

### जिले में हुई 9.8 मिली मीटर वर्षा

**रीवा, 6 मई,** रीवा जिले में 5 मई की शाम में गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ लगभग 45 मिनट तक तेज वर्षा हुई. जिले में कुल 9.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई. बारिश होने से गर्मी से राहत मिली है. कई स्थानों पर हुई ओलावृष्टि से आम और सब्जियों की फसल में भी विपरीत प्रभाव पड़ा. जिले में सर्वाधिक 33 मिली मीटर वर्षा हुजूर तहसील में दर्ज की गई.

# राजस्व अधिकारी गेहूं उपार्जन की कर रहे मॉनीटरिंग

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 6 मई, जिले के 76 खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है.**



कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी सहित सभी राजस्व अधिकारी खरीदी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करके गेंहू उपार्जन की लगातार मानीटरिंग कर रहे हैं. कलेक्टर प्रतिदिन वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रत्येक खरीदी केन्द्र में गेंहू उपार्जन तथा परिवहन की समीक्षा कर रहे हैं. इस क्रम में राजस्व अधिकारियों द्वारा खरीदी केन्द्रों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है. तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला ने खरीदी केन्द्र करहिया का निरीक्षण किया.

उन्होंने केन्द्र प्रभारी को उपार्जित 9 हजार क्विंटल गेंहू का तत्काल परिवहन कराने के निर्देश दिए. तहसीलदार ने खरीदी केन्द्र बम्हौरी का निरीक्षण करते हुए उपार्जित गेंहू का तत्काल परिवहन कराने के निर्देश दिए. खरीदी केन्द्र में चार तौल कांटे चालू पाए गए. रेण्डम जाँच में गेंहू की तौल में अनियमितता पाई गई. तहसीलदार त्योंथर राजेन्द्र शुक्ला ने खरीदी केन्द्र सोहागी क्रमांक दो का निरीक्षण किया. उन्होंने बताया कि खरीदी केन्द्र में गेंहू परिवहन के लिए दो ट्रक उपलब्ध हैं, जिनमें से एक ट्रक में गेंहू लोड किया जा रहा है. खरीदी केन्द्र प्रभारी तथा नोडल अधिकारी निरीक्षण के समय अनुपस्थित पाए गए.